सुविचा छोटी छोटी बातो का अन्नद उठाइये किसी दिन आपको अनुभव होगा ये तो बडी बात थी डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष -१ अंक -१४ १७/०६/२०२४ पृष्ठ -४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### हिन्दुत्व की राजनीति

दयाशंकर शुक्ल सागर

अयोध्या में जब राम मंदिर बनकर तैयार हुआ तो हिंदुत्ध्व की राजनीति में दिलचस्पी रखने वालों को लगा कि गौरवशाली हिंदू राष्ट्र की वापसी हो रही है। एक नैरेटिव यह भी बनाने की कोशिश हुई कि अगर तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। लेकिन, हिंदी बेल्ध्ट में ठश्रच की सीटें बढ़ने के बजाय कम हो गई। सबसे तगड़ा झटका लगा उस यूपी में, जहां पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के नतीजे देखते हुए चुनावी चिंतकों ने ऐलान कर दिया था कि जाति बंधन तोड़कर हिंदू एकजुट हो गए हैं। संविधान बदले जाने और आरक्षण खत्ध्म होने का डर दिखाकर आई एन डी आई ए गठबंधन ने बड़ी आसानी से हिंदू वोटरों की कथित एकजुटता को तहस-नहस कर दिया।

इस चुनाव में ठश्रच को हिंदुत्ध्व की राजनीति के नकारात्मक परिणाम झेलने पड़े। धर्म की राजनीति ध्रुवीकरण के सिद्धांत पर आधारित है। आप एक धर्म के लोगों को गोलबंद करेंगे तो उसके बरक्ध्स दूसरे मजहब के वोटर अपने आप एकजुट हो जाएंगे। शुरू से ही देश के मुसलमान उस पार्टी के उम्ध्मीदवार को जिताने के लिए वोट देते हैं, जो बीजेपी को हरा सके। इस बार 'घुसपैठिए' और 'ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले' जैसे बयानों ने भयभीत मुसलमानों को एकजुट कर दिया। विपक्ष ने इसका खूब फायदा उठाया। यूपी में समाजवादी पार्टी ने रणनीतिक समझदारी से टिकट बांटे। उसने उस दलित या अति पिछड़ा जाति के उम्ध्मीदवार को टिकट दिया जिसके संसदीय क्षेत्र में ज्ध्यादा सजातीय वोटर थे। पार्टी को पता था कि यादव और मुस्लिम वोटर एकजुट होकर उसी को सपोर्ट करेंगे। मंडल के प्रयोग के बाद पिछड़ों की जातीय पहचान किसी भी धर्म या राजनीतिक प्रतिबद्धता से ज्ध्यादा बड़ी सचाई बनकर उभरी है। सत्ता की आकांक्षा उन्ध्हें आपस में जोड़ती है।

## फिलिस्तीन के पीएम ने मोदी को खत लिखकर गाजा में नरसंहार व अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने को कहा

अखिलेश यादव ने सभी संसदो कि मोजुदगी में विधानसभ छोडने का किया एलान



फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद मुस्तफा ने पीएम मोदी को खत लिखा है। इसके जरिए उन्होंने बतौर ग्लोबल लीडर भारत गाजा में चल रहे नरसंहार को खत्म करने में अहम भूमिका निभा सकता है। यह जरूरी है कि भारत गाजा तुरंत सीजफायरके लिए सभी डिप्लोमैटिक चौनल का इस्तेमाल करे फिलिस्तीनी मोदी ने कहा, भारत को गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने में मदद के अलावा अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकरफिलिस्तीनियों की सुरक्षा और उन पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की जरूरत है। भारत ने फिलिस्तीनी लोगों के अधिकारों के प्रति लगातार अपना योगदान दिया है।फिलस्तीनी मोदी ने मोदी को तीसरे कार्यकाल की बधाई दी – भारत ने हमेशा कहा है कि किसी भी टकराव में अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन किया जाना जरूरी है। फिलिस्तीन के मोदी मुस्तफा ने अपने खत म मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई भी दी उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से मानवाधिकारों और शांति का समर्थक रहा है।


## नीतीश के मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा पुरे पाँच साल चलेगी एनडीए सरकार

रामनाथ ने कहा स्पीकर भाजपा का ही हो , मुझे किसानो के लिए कुछ करने का मौका मिला

बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल के कोटे से केंद्र में मंत्री बने रामनाथ ठाकुर दिल्ली से पटना पहुंचे। देश भर में इस समय स्पीकर पद को लेकर राजनीति तेज हो गई है। जदयू ने बयान देते हुए कहा कि स्पीकर भाजपा का ही होना चाहिए। रामनाथ ठाकुर ने मीडिया से कहा कि कृषि मंत्री बनकर मुझे किसानों के लिए कुछ करने का मौका मिला है। मैं कृषि विभाग का अध्ययन कर रहा हूं, जिससे हिंदुस्तान के किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकूं।स्पीकर को लेकर जदयू का बयान – लोकसभा स्पीकर को लेकर इस बार विपक्ष और एनडीए इस बार आमने सामने हैं। विपक्ष ने एलान कर दिया है कि वह स्पीकर के लिए अपना उम्मीदवार उतारेगा। इस पर जदयू ने साफ शब्दों में कहा कि उसको स्पीकर का पद नहीं चाहिए।

## गुजरात में मानसून रूका मध्यप्रदेश मे तीन दिन बाद पहुँचेगा,वारणसी में हिटवेव से टुरिस्ट की मौत।

नॉर्थ इस्ट में बारिश का रेड एलर्ट ,हिटवेव से तीन विदेशी टुरिस्ट की मौत



मध्य प्रदेश, राजस्थान में प्री–मानसून एक्टिविटी जारी है। वहीं, गुजरात में चार दिन पहले एंट्री लेने के बाद मानसून रुक गया है। बीते दो दिनों में एमपी–राजस्थान के 10 जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, 10–14 जून के बाद से मानसून कमजोर हुआ है, जिसक चलते मध्यप्रदेश में मानसून आने में देरी हो रही है। डच और अन्य राज्यों में इसकी 18–19 जून तक एंट्री होने की संभावना है। पश्चिम बंगाल समेत नॉर्थ– ईस्ट के राज्यों (नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मेघालय, सिक्किम) में आज यानी 16 जून से 19 जून तक बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है राज्यों में 64 से 115 मिमी बारिश हो सकती है। साथ ही 30–40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती।गरज के साथ बिजली के चमकने का भी अनुमान वाराणसी में हीटवेव से 3 की मौत उधर, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में हीटवेव का दौर जारी वाराणसी में गर्मी से महिला पर्यटक समेत 3 लोगों की मौत हो गई।

## मोदी G7 में जार्जिया मेलोनी जेलेंस्की से मिले। पीएम ने कहा हमे तकनीक को रचनात्मक बनाना होगा ना कि विनाशकारी ।

तकनीक मनुष्य को चाँद पर ले जाती है ये रचनात्मक हो न कि विनाशकारी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 50वें जी 7 समिट के लिए इटली में हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी मनुष्य को चांद तक ले जाने का साहस देती है, मगर साइबर सिक्योरिटी जैसी चुनौतियां भी पैदा करती है। हमें यह मिलकर सुनिश्चित करना होगा कि समाज के हर तबके तक इसका लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमें टेक्नोलॉजी के अधिकार को सर्वाधिकार में बदलना होगा। हमें इसे रचनात्मक बनाना होगा, ना कि विनाशकारी। तभी हम एक बेहतर समाज बना पाएंगे। भारत । के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने वाले कुछ देशों में शामिल है। इसके लिए हमने एआई मिशन भी लॉन्च किया है। पीएम ने शुक्रवार को इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के अलावा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और वैटिकन सिटी के प्रमुख पोप फ्रांसिस से भी मिले। समिट में मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच भी मुलाकात हुई। दोनों नेता गले लगे। इसके बाद द्विपक्षीय बैठक हुई। जंग शुरू होने के बाद यह दूसरा मौका है जब मोदी जेलेंस्की से मिले हैं। इससे पहले पिछले साल दोनों नेताओं ने जापान में जी 7 समिट में मुलाकात की थी। पीएम मोदी लगातार 5वीं बार जी 7 समिट में शामिल हुए हैं।

## दिल्ली जल बोर्ड ऑफिस में तोड़ फोड़ , मटके फेंके- आतिशी का आरोप- भाजपा नेताओं ने हमला करवाया आतिशी

जल संकट को लेकर भाजपा दिल्ली के 14 जगहों पर मटका फोड़ प्रदर्शन कर रही है। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के छतरपुर के जल बोर्ड ऑफिस में तोड़फोड़ की है। उन्होंने मटके ऑफिस के कांच पर फेंककर फोड़ दिए। फिलहाल इसमें किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।प्रदर्शन के दौरान नई दिल्ली सीट से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा– दिल्ली में जल संकट प्राकृतिक समस्या नहीं है।

## राजकोट टीआपी गेम जोन में आग लगने के बाद दस्तवेज से छेडछाड के दो आरापी पुलिस गिरफ्त म

२५ मई को हुए गेमिंग जोन हादसे में तीस की मौत हुई



गुजरात के राजकोट स्थित टीआरपी गेम जोन में 25 मई को लगी आग मामले में नगर निगम के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान असिस्टेंट टाउन प्लानिंग ऑफिसर राजेश मकवाना और असिस्टेंट इंजीनियर जयदीप चौधरी के रूप में हुई है। दोनों पर गेम जोन से जुड़े दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ का आरोप है। 1 न्यूज एजेंसी के मुताबिक, दोनों कर्मचारियों ने सबूत मिटाने और गिरफ्तारी से बचने के लिए घटना के एक दिन बाद 26 मई को गेम जोन के रजिस्टर में फर्जीवाड़ा किया उन्होंने रजिस्टर में बेक डेट एंट्री की और फर्जी दस्तावेज बनाने की साजिश रची।

## मोदी के कश्मीर दौरे से पहले ग्रह मंत्रालय में जम्मुकश्मीर आंतकवाद पर सैना व सुरक्षा एजेंसीयो के साथ मिटींग।

१६ जून को ग्रंहमंत्री ने जम्मुकश्मीर आंतकी मामले पर मिटींग ली ।

गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली में 16 जून को जम्मू–कश्मीर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें। शाह ने यह भी कहा कि जम्मू–कश्मीर में सभी तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ाई जाए। 21 जून को योग दिवस के कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री मोदी 20 जून को श्रीनगर जा रहे हैं। अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहा फोकस – मीटिंग के दौरान गृह मंत्री शाह का पूरा फोकस अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहा। पिछले साल 4.28 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा पर आए थे। इस बार यह आंकड़ा पांच लाख तक जा सकता है। यह कहा जा रहा है कि इस बार सभी तीर्थयात्रियों को स्पेशल कार्ड दिए जा सकते हैं, ताकि उनकी असली लोकेशन का पता लगाया जा सके। इसके अलावा सभी को 5 लाख रुपए का बीमा कवर दिया जा सकता है।




डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



## रीवा में दो ट्रकों में भिड़ंत के बाद चार लोग जिंदा जले, मची चीख पुकार, लगी आग; कटर से ट्रक को काटकर निकाले शव

*रीवा में दो ट्रकों की आमने–सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद ट्रकों में आग लग गई। हादसे में चार लोग जिंदा जल गए। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। इसके बाद कटर से ट्रक को काटकर शवों को बाहर निकाला जा सका। घटना शनिवार शाम 5रू30 बजे चोरहटा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 30 पर हुई। एक ट्रक उत्तरप्रदेश के प्रयागराज से सतना की तरफ आ रहा था। दूसरा ट्रक रीवा से प्रयागराज की ओर जा रहा था। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू चलाया। हाईवे पर दो ट्रकों में टक्कर हो गई थी। इससे सामान बाहर फैल गया। दो घंटे में निकाली जा सकी सिर्फ एक लाश – पुलिस के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रकों के केबिन एक–दूसरे से फंस गए। शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। मौके पर तीन फायर ब्रिगेड और दो क्रेन मशीन बुलवाई गईं। करीब दो घंटे में एक लाश निकाली जा सकी है। शव बुरी तरह झुलस गए हैं। उनकी पहचान नहीं की जा सकी है। ट्रक के अंदर से सुनाई दी चीख – रीवा जोन के डीआईजी साकेत पांडे ने बताया कि रीवा बायपास पर हादसा हुआ है। केबिन एक–दूसरे में फंसने के कारण दिक्कत आई। भीड़ ने ट्रक में से कुछ लोगों की चीख सुनी थी। थोड़ी देर बाद आवाज शांत हो गई। ट्रक में और भी ज्यादा लोग हो सकते हैं। फिलहाल तलाश की जा रही है।*

## डीएवीवी पेपर लीक- प्रिंसिपल से होगी पूछताछरूअब तक तीन गिरफ्तार; अक्षय बम के कॉलेज की मान्यता खत्म करने की मांग

*इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में हुए पेपर लीक मामले में पुलिस 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस से बीजेपी में आए अक्षय बम के आइडिलिक कॉलेज से पेपर लीक होने की जानकारी सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस अब कॉलेज की प्रिंसिपल से पूछताछ करेगी। सवाल खड़े हो रहे हैं कि आरोपी कम्प्यूटर ऑपरेटर कैसे प्रिंसिपल के रूम तक पहुंच गया। प्रिंसिपल की इसमें मिलीभगत तो नहीं थी। इस बीच कॉलेज की मान्यता रद्द करने की मांग भी जोर पकड़ने लगी है। छोटी ग्वालटोली थाना प्रभारी उमेश यादव ने कहा, मामले में जांच की जा रही है। आइडिलिक कॉलेज की प्रिंसिपल से भी पूछताछ करेंगे।ये है पेपरलीक का पूरा मामला – डीएवीवी की एमबीए परीक्षा के पेपर पिछले महीने लीक हो गए थे। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आइडिलिक कॉलेज के ऑपरेटर दीपक पिता सुरेश सोलंकी, निवासी रंगवासा रोड को गिरफ्तार किया है। उसने कॉलेज प्रिंसिपल के रूम से पेपर के बंडल की सील लोहे के स्केल से तोड़कर पेपर निकाला और मोबाइल से फोटो खींचकर कॉलेज के एक छात्र को दो हजार रुपए में बेचा था। फिर छात्र ने इसे अपने साथी को वॉट्सऐप पर भेजा। पुलिस ने स्टूडेंट धीरेंद्र नरवरिया को पकड़ा। धीरेंद्र कॉलेज में एमबीए प्रथम वर्ष का छात्र है। उससे जानकारी मिली कि उसके पास पेपर छात्र गौरव सिंह गौर के जरिए आया था।*

सत्य का ब्रह्मास्त्र

स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

समाचार पत्र

https://sbpatra.in/

पर पढे

खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/

समाचार के लिए लोगिंन करें

https://sbpatra.in/

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

पाठक सामाचार पत्र को वेब / पोर्टल

https://sbpatra.in/

पर निशुल्क डाउनलोड / पढ सकते है

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

# https://sbpatra.in/

समाचार के लिए लोंगिन करे।

# गुगल पर सर्च करे।

# https://sbpatra.in/

# ओर पाए विडीयो न्युज , ई-पेपर , व अन्य खबरे।

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा